चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ
Chaudhary Charan Singh University, Meerut

पत्रांक : सम्बद्धता/ 16
दिनांक :- 01-04-2024

सेवा में,

01. सचिव/प्राचार्य,
समस्त सम्बद्ध संस्थान/महाविद्यालय,
सम्बद्ध चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।

02. समस्त विभागाध्यक्ष/संकायाध्यक्ष/निदेशक
चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय परिसर,
मेरठ।

विषयः– स्वीप योजना के अन्तर्गत मतदाता साक्षरता हेतु स्कूल/कालेजों में गठित Electoral Literacy Clubs की वर्कशाप आयोजित किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक विशेष सचिव, उच्च शिक्षा अनुभाग–3, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ के कार्यालय पत्रांकः 579/सत्तर–3–2024, दिनांक 15.03.2024 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, स्वीप योजना के अन्तर्गत मतदाता साक्षरता हेतु स्कूल/कालेजों में गठित Electoral Literacy Clubs की वर्कशाप आयोजित किये जाने के सम्बन्ध में है।

उक्त के सम्बन्ध में सन्दर्भित पत्र दिनांक 15.03.2024 की प्रति इस आशय के साथ प्रेषित की जा रही है कि पत्र में उल्लिखित दिशा निर्देशानुसार कार्यवाही करते हुए वांछित सूचना निर्धारित प्रारूप पर elcnodalupgovt@gmail.com पर प्रेषित करने का कष्ट करें।

संलग्नकः– उपरोक्तानुसार।

भवदीय,

30-03-2024
कुलसचिव

प्रतिलिपिः–

01. सचिव कुलपति को मा0 कुलपति महोदया के संज्ञानार्थ।
02. सचिव कुलसचिव को कुलसचिव महोदय के सूचनार्थ।
03. प्रभारी, वेबसाइट, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
04. प्रेस प्रवक्ता, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

प्रधान सहायक (सम्बद्धता)

प्रेषक,

गिरिजेश कुमार त्यागी,
विशेष सचिव,
उ0प्र0 शासन।

महत्वपूर्ण/समयबद्ध
संख्या–579/सत्तर–3–2024

सेवा में,

क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी मेरठ
पत्रांक 5007 दिनांक 16-3-2024

1. **निदेशक**, उच्च शिक्षा, उ0प्र0, प्रयागराज।
2. **कुलसचिव**, समस्त राज्य/निजी विश्वविद्यालय, उ0प्र0।
3. **समस्त क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी**, उत्तर प्रदेश।

उच्च शिक्षा अनुभाग–3

लखनऊ : दिनांक 15 मार्च, 2024

विषय : स्वीप योजना के अन्तर्गत मतदाता साक्षरता हेतु उच्च शिक्षण संस्थानों में गठित मतदाता साक्षरता क्लब (Electoral Literacy Club) की वर्कशाप आयोजित किये जाने विषयक।

महोदय,

जैसा कि आप अवगत हैं कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार स्वीप योजना के अन्तर्गत प्रदेश के समस्त उच्च शिक्षण संस्थानों में **मतदाता साक्षरता क्लब (Electoral Literacy Club)** का गठन किया गया है।

2– इस सम्बन्ध में मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय स्वीप कोर कमेटी एवं अन्तर्विभागीय समन्वय समिति की दिनॉक 14.03.2024 को आहूत बैठक में दिये गये निर्देशों के कम में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि:–

(1) कृपया प्रत्येक विश्वविद्यालय कैम्पस/महाविद्यालय में **मतदाता साक्षरता क्लब** (Electoral Literacy Club) नोडल व नामित छात्र कैम्पस अम्बैसडर के माध्यम से दिनॉक 11 से 18 मार्च, 2024 तक मतदाता जागरुकता वर्कशाप आयोजित कराते हुए अनिवार्य रूप से संलग्न प्रारूप पर सूचना नोडल अधिकारी की **ई–मेल आई0डी0 elcnodalupgovt@gmail.com** पर उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

(2) सभी विद्यार्थियों के मध्य संलग्न स्वीप पी0पी0टी0 में वर्णित तथा भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विकसित किये गये विभिन्न ऐप्स की जानकारी का व्यापक प्रचार–प्रसार सुनिश्चित किया जाय।

3– उक्त के सम्बन्ध में जनपद स्वीप नोडल अधिकारियों/सहायक नोडल अधिकारियों की सूची संलग्न कर इस निर्देश के साथ प्रेषित है कि कृपया सभी क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी अपने क्षेत्रान्तर्गत आने वाले जनपदों के स्वीप नोडल अधिकारियों/सहायक नोडल अधिकारियों से समन्वय करते हुए दिनॉक 11 से 18 मार्च, 2024 तक उपरोक्तानुसार वर्कशाप का आयोजन कर अपेक्षित सूचना संलग्न प्रारूप पर नोडल अधिकारी की **ई–मेल आई0डी0 elcnodalupgovt@gmail.com** के माध्यम से शासन को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

संलग्नक–यथोपरि।

भवदीय,

(गिरिजेश कुमार त्यागी)
विशेष सचिव।

संख्या एवं दिनांक तदैव।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:–

1– मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
2– निजी सचिव, प्रमुख सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन।
3– निजी सचिव, विशेष सचिव (श्री मिश्रा/श्री त्यागी), उच्च शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन।
4– प्रकरण में नामित नोडल अधिकारी, राष्ट्रीय सेवा योजना कोष्ठक, उ0प्र0 शासन।

आज्ञा से,